E-Mail ID cfgarhwal555@Gmail.com
cfgarh-forest-uk@nic.in
Phone/Fex 01368-222566
वन मित्र कॉल सेंटर–9208008000

कार्यालय वन संरक्षक, गढ़वाल वृत्त, उत्तराखण्ड, पौड़ी

पत्रांकः– 6072/12–1 दिनांक, पौड़ी, अप्रैल, 19 ,2016.

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
रूद्रप्रयाग वन प्रभाग, रूद्रप्रयाग।

Proposal No.FP/UK/Road/16066/2015.

विषयः– **जनपद रूद्रप्रयाग में मणिगुह मोटर मार्ग से स्याल डोभा होते हुए खाली–खमोली तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु वन भूमि का हस्तान्तरण प्रस्ताव।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक प्रस्ताव में निम्न कमियां पाई गई हैं।

1 परियोजना के मैप में प्रभागीय वनाधिकारी के मोहर सहित हस्ताक्षर नहीं किये गये हैं।

2. परियोजना में कार्य प्रारम्भ होने न होने के प्रमाण–पत्र में प्रभागीय वनाधिकारी के मोहर सहित हस्ताक्षर नहीं है।

3. संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट में प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा मोहर सहित हस्ताक्षर नहीं किये गये हैं।

4. परियोजना की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति उपलोड नहीं की गयी है।

5. राष्ट्रीय पार्क वन्य जीव अभ्यरण्य का हिस्सा होने न होने/दूरी के प्रमाण पत्र में प्रभागीय वनाधिकारी के मोहर सहित हस्ताक्षर नहीं हैं।

6. वन संरक्षण अधिनियम–1980 के उल्लघंन सम्बन्धी प्रमाण पत्र में प्रभागीय वनाधिकारी प्रभागीय वनाधिकारी के मोहर सहित हस्ताक्षर नहीं हैं।

7. सरपंच वन पंचायत की अनापत्ति प्रमाण पत्र अपलोड नहीं किया गया है।

कृपया प्रस्ताव उच्च स्तर को भेजने से पूर्व सभी प्रपत्रों एवं सूचनाओं का भली भांति परीक्षण कर लिया जाय, ताकि उच्च स्तर से किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त न हो।

अतः उक्त आपत्तियों का निराकरण कर सूचना प्रेषित की जाय।

भवदीय,

(जी0सोनार)
वन संरक्षक,
गढ़वाल वृत्त, उत्तराखण्ड,पौड़ी।

Surjeet